चले जाएंगे हम बिहारी जी

चले जायेंगे हम बिहारी जी, सुनलो अर्ज हमारी,
भूल ना जाना फिर भी बुलाना, इतनी अर्ज हमारी जी।।

कैसे कहू क्या बीत रही है ओ मेरे बांके बिहारी,
दर का भिखारी बना लो भगवन इतनी सी अर्ज हमारी ,
भूल ना जाना फिर भी बुलाना..........

सब कुछ हर लो मेरा प्रभु, मेरे दिल से कभी ना जाना,
एक सहारा तेरा ही भगवन और ना कोई ठिकाना,
भूल ना जाना फिर भी बुलाना.........

कुछ भी ना तुमसे कहेगे भगवन चाहे जितना भी तड़पालो,
इतनी सी है चाह मेरी अब मुझको भी अपना लो,
भूल ना जाना फिर भी बुलाना.........

एक दिन हमको वसाओगे, प्रभु हमें अपना बना कर,
जिस जग में है हमें फसाया, उससे हमें छुड़ा कर,
भूल ना जाना फिर भी बुलाना.........

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24261/title/chale-jayenge-hum-bihari-ji

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |